फा.सं0 के-12011/3/2020-ईपीएल-1

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

वाणिज्य विभाग

आर्थिक प्रभाग

....

नई दिल्ली, दिनांक: 15 सितम्बर, 2020

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विदेश व्यापार : अगस्त, 2020

अप्रैल-अगस्त, 2020-21* में भारत का समग्र निर्यात (संयुक्त रूप से पण्यवस्तु और सेवाएं) 182.13 बिलियन अमरीकी डॉलर अनुमानित किया गया है जिससे पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में (-)19.32 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि हुई। अप्रैल-अगस्त, 2020-21* में समग्र आयात 167.94 बिलियन अमरीकी डॉलर अनुमानित किया गया है जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में (-)38.00 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

पण्यवस्तु
अप्रैल-अगस्त, 2020-21

- निर्यात: 97.66 बिलियन अम.डा. (-26.65%)
- आयात: 118.38 बिलियन अम.डा. (-43.73%)
- व्यापार घाटा: 20.72 बिलियन अम.डा.

सेवाएं
अप्रैल-अगस्त, 2020-21*
(अनुमानित)

- निर्यात: 84.47 बिलियन अम.डा. (-8.80%)
- आयात: 49.56 बिलियन अम.डा. (-18.07%)
- सेवाओं का निवल: 34.91 बिलियन अम.डा.

समग्र व्यापार= पण्यवस्तु+सेवाएं
अप्रैल-अगस्त, 2020-21*
(अनुमानित)

- निर्यात: 182.13 बिलियन अम.डा. (-19.32%)
- आयात: 167.94 बिलियन अम.डा. (-38.00%)
- व्यापार अधिशेष: 14.20 बिलियन अम.डा.

**नोट : (i) सेवा क्षेत्र के लिए जुलाई, 2020 के लिए आरबीआई द्वारा जारी आंकड़े उपलब्ध नवीनतम आंकड़े हैं। अगस्त, 2020 के लिए आंकड़े अनुमानित हैं जिनका संशोधन आरबीआई की अगली प्रेस विज्ञप्ति के आधार पर किया जाएगा। (ii) ब्रैकेट का आंकड़ा विगत वर्ष की समतुल्य अवधि की तुलना में वृद्धि दर है।*

I. पण्यवस्तु व्यापार

निर्यात (पुनर्निर्यात सहित)

- अगस्त, 2019 के दौरान 25.99 बिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात की तुलना में अगस्त, 2020 के दौरान निर्यातों का मूल्य 22.70 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा जो (-)12.66 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है। रुपए के रूप में निर्यात अगस्त, 2019 के दौरान 1,84,921.23 करोड़ रूपए की तुलना में अगस्त, 2020 में 1,69,513.81 करोड़ रूपए मूल्य के हुए जिनसे (-)8.33 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

- वे प्रमुख वस्तु समूह जिसमें अगस्त, 2019 की तुलना में अगस्त, 2020 में सकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई है, अन्य अनाज (316.04%), चावल (59.14%) लौह अयस्क (46.03%), तेल खाद्य (28.89%) तिलहन (24.96%), अनाज सामग्री एवं विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (24.05%), दवाएं एवं औषध (17.27%), कालीन (15.53%), फल और सब्जियां (15.04%), मांस, दुग्ध और मुर्गी पालन उत्पाद (10.73%), तम्बाकू (10.59%), फर्श कवरिंग सहित जूट विनिर्माण (9.18%), प्लास्टिक और लिनोलियम (0.59%) तथा कॉफी (0.09%) हैं।

- वे प्रमुख वस्तुएं जिनमें अगस्त, 2019 की तुलना में अगस्त, 2020 में नकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई है:- काजू (-47.61%), रत्न एवं आभूषण (-43.28%), पैट्रोलियम उत्पाद (-39.91%), मानव-निर्मित धागा/कपड़ा/मेडअप आदि (-24.23%), समुद्री उत्पाद (-23.04%), चमड़ा एवं चमड़ा उत्पाद (-16.82%), चाय (-16.74%), अभ्रक, कोयला एवं अन्य अयस्क के साथ संसाधित सभी खनिज (-16.59%), सभी वस्त्रों के आर एम जी (-14%), इलेक्ट्रोनिक वस्तुएं (-13.84%), मसाले (-7.96%), इंजीनियरिंग वस्तुएं (-7.69%), हस्तनिर्मित कालीन को छोडकर हस्तशिल्प (-5.24%), जैविक एवं अजैविक रसायन (-4.71%), चीनी मिट्टी एवं कांच उत्पाद (-4.61%) तथा सूती धागा/कपड़ा/मेडअप्स, हथकरघा उत्पाद आदि (-0.42%) हैं।

- अप्रैल-अगस्त, 2020-21 की अवधि के लिए निर्यातों का संचयी मूल्य अप्रैल-अगस्त, 2019-20 में रहे 133.14 बिलियन अमरीकी डॉलर (9,28,243.85 करोड़ रुपये) की तुलना में 97.66 बिलियन अमरीकी डॉलर (7,35,835.87 करोड़ रुपये) रहा जिससे डॉलर के रूप में (-) 26.65 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि (रुपए के रूप में (-) 20.73 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि) दर्ज की गई।

- गैर-पेट्रोलियम तथा गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात अगस्त, 2020 में 18.95 बिलियन अमरीकी डॉलर का था जबकि अगस्त, 2019 में इसका मूल्य 19.57 बिलियन अमरीकी डॉलर था जिससे (-)3.17 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि हुई। संगत अवधि 2019-20 में 99.65 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में अप्रैल-अगस्त, 2020-21 की अवधि के दौरान गैर-पेट्रोलियम तथा गैर-रत्न एवं आभूषण निर्यात 83.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा जिससे (-) 16.47 प्रतिशत की कमी हुई।

आयात

- अगस्त, 2020 के दौरान आयातों का मूल्य 29.47 बिलियन अमरीकी डॉलर (2,20,083.69 करोड़ रूपए) रहा जिससे अगस्त, 2019 में हुए 39.85 बिलियन अमरीकी डॉलर (2,83,530.41 करोड़ रूपए) मूल्य के आयात की तुलना में डॉलर के रूप में (-)26.04 प्रतिशत की कमी और रूपए के रूप में (-)22.38 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। अप्रैल-अगस्त, 2020-21 की अवधि के लिए आयातों का संचयी मूल्य अप्रैल-अगस्त 2019-20 की अवधि में रहे 210.39 बिलियन अमरीकी डॉलर (14,66,659.90 करोड़ रुपये) की तुलना में 118.38 बिलियन अमरीकी डॉलर (8,91,978.43 करोड़ रुपये) रहा जिससे डालर के रूप में (-) 43.73 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि रुपये के रूप में (-) 39.18 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

- विगत वर्ष के तदनुरूपी महीने की तुलना में अगस्त, 2020 में नकारात्मक वृद्धि दर्शाने वाले आयातों के प्रमुख वस्तु समूह निम्नलिखित हैं :

पेट्रोलियम, अपरिष्कृत एवं उत्पाद (-41.62%)

मशीनरी , इलैक्ट्रिकल एवं गैर - इलैक्ट्रिकल (-41.58%)

कोयला कोक एवं ब्रीकेट आदि (-37.83%)

जैविक और अजैविक रसायन (-18.36%)

इलेक्ट्रानिक वस्तुएं (-11.67%)

अपरिष्कृत तेल एवं गैर तेल मदों का आयात:

- अगस्त, 2020 के दौरान तेल आयातों का मूल्य 6.42 बिलियन अमरीकी डॉलर (47,948.84 करोड़ रुपये) रहा जो अगस्त, 2019 में हुए 11.00 बिलियन अमरीकी डॉलर (78,255.69 करोड़ रुपये) की तुलना में अमरीकी डॉलर के रूप में 41.62 प्रतिशत कम (रुपये के रूप में 38.73 प्रतिशत कम) रहा। अप्रैल-अगस्त, 2020-21 के दौरान तेल आयातों का मूल्य 26.03 बिलियन अमरीकी डॉलर (1,96,183.55 करोड़ रुपये) रहा जो पिछले वर्ष की समनुरूपी अवधि में हुए 56.11 बिलियन अमरीकी डॉलर (3,91,293.04 करोड़ रुपये) की तुलना में अमरीकी डॉलर के रूप में 53.61 प्रतिशत कम (रुपये के रूप में 49.86 प्रतिशत कम) था।

- इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि विश्व बैंक से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अगस्त, 2019 की तुलना में अगस्त, 2020 में ग्लोबल ब्रेंट कीमतों (डॉ/बीबीएल) में 25.30 प्रतिशत की कमी हुई है।

- अगस्त, 2020 के दौरान गैर-तेल मदों के आयातों का अनुमानित मूल्य 23.05 बिलियन अमरीकी डॉलर (1,72,134.85 करोड़ रुपये) रहा, जो अगस्त, 2019 के 28.85 बिलियन अमरीकी डॉलर (2,05,274.71 करोड़ रूपये) की तुलना में अमरीकी डॉलर के रूप में 20.10 प्रतिशत कम (रुपये के रूप में 16.14 प्रतिशत कम) रहा। अप्रैल-अगस्त, 2020-21 में गैर तेल मदों के आयातों का मूल्य 92.35 बिलियन अमरीकी डालर (6,95,795.08 करोड़ रुपये) रहा जो अप्रैल-अगस्त, 2019-20 में रहे 154.28 बिलियन अमरीकी डॉलर (10,75,366.86 करोड़ रुपये) के आयातों की तुलना में अमरीकी डॉलर के रूप में 40.14 प्रतिशत कम (रुपये के रूप में 35.30 प्रतिशत कम) रहा।

- अगस्त, 2020 के दौरान गैर-तेल तथा गैर-स्वर्ण आयातों का मूल्य 19.35 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा, जिसमें अगस्त, 2019 के गैर-तेल तथा गैर-स्वर्ण में रहे 27.49 बिलियन अमरीकी डॉलर के आयातों की तुलना में (-)29.61 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल-अगस्त, 2020-21 में गैर-तेल तथा गैर-स्वर्ण आयातों का मूल्य 86.17 बिलियन अमरीकी डॉलर दर्ज किया गया जिससे अप्रैल-अगस्त, 2019-20 के गैर-तेल और गैर-स्वर्ण में हुए 139.75 बिलियन अमरीकी डालर के आयातों की तुलना में (-)38.34 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।

II. सेवा व्यापार

निर्यात (प्राप्तियां)

- आरबीआई की दिनांक 15 सितम्बर, 2020 की नवीनतम प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जुलाई, 2020 में निर्यात 17.03 बिलियन अमरीकी डॉलर (1,27,721.26 करोड़ रुपये) था जिससे जुलाई 2019 की तुलना में डॉलर में (-)10.76 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज हुई। अगस्त, 2020* के लिए सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 17.23 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।

आयात (भुगतान)

- आरबीआई की दिनांक 15 सितम्बर, 2020 की नवीनतम प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जुलाई, 2020 में आयात 10.05 बिलियन अमरीकी डॉलर (75,345.87 करोड़ रूपए) था जिससे जुलाई, 2019 की तुलना में डालर के रूप में (-)21.69 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। अगस्त, 2020* के लिए सेवा आयात का अनुमानित मूल्य 10.31 बिलियन अमरीकी डालर है।

III. व्यापार संतुलन

- **पण्यवस्तु :** अगस्त, 2020 के लिए व्यापार घाटा अगस्त, 2019 में रहे 13.86 बिलियन अमरीकी डालर के घाटे की तुलना में 6.77 बिलियन अमरीकी डॉलर अनुमानित था जिससे (-) 51.14 प्रतिशत की गिरावट हुई।

- **सेवाएं:** आरबीआई की दिनांक 15 सितम्बर, 2020 की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जुलाई, 2020 के लिए सेवा क्षेत्र में व्यापार संतुलन (अर्थात निवल सेवा निर्यात) 6.98 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। अगस्त, 2020* में अनुमानित व्यापार संतुलन 6.92 बिलियन अमरीकी डॉलर है।

- **समग्र व्यापार संतुलन :** पण्यवस्तु तथा सेवाओं को एक-साथ रखते हुए, अप्रैल-अगस्त, 2020-21* के लिए अनुमानित समग्र व्यापार अधिशेष अप्रैल-अगस्त, 2019-20 में रहे 45.11 बिलियन अमरीकी डॉलर के घाटे की तुलना में 14.20 बिलियन अमरीकी डालर अनुमानित है।

**नोट : आरबीआई द्वारा सेवा क्षेत्र के लिए जारी किए गए नवीनतम आंकड़े जुलाई, 2020 के लिए हैं। अगस्त, 2020 का आंकड़ा एक अनुमान है जिसे आरबीआई की बाद की प्रेस विज्ञप्ति के आधार पर संशोधित किया जाएगा।*

******

पण्यवस्तु व्यापार

निर्यात एवं आयात : (बिलियन अमरीकी डॉलर)		
(अनंतिम)		
	अगस्त	**अप्रैल-अगस्त**
निर्यात (पुनर्निर्यात सहित)		
2019-20	25.99	133.14
2020-21	22.70	97.66
प्रतिशत वृद्धि 2020-21/2019-20	**-12.66**	**-26.65**
आयात		
2019-20	39.85	210.39
2020-21	29.47	118.38
प्रतिशत वृद्धि 2020-21/2019-20	**-26.04**	**-43.73**
व्यापार संतुलन		
2019-20	-13.86	-77.25
2020-21	-6.77	-20.72
निर्यात एवं आयात : (करोड़ रुपये)		
(अनंतिम)		
	अगस्त	**अप्रैल-अगस्त**
निर्यात (पुनर्निर्यात सहित)		
2019-20	1,84,921.23	9,28,243.85
2020-21	1,69,513.81	7,35,835.87
प्रतिशत वृद्धि 2020-21/2019-20	**-8.33**	**-20.73**
आयात		
2019-20	2,83,530.41	1,466,659.90
2020-21	2,20,083.69	8,91,978.43
प्रतिशत वृद्धि 2020-21/2019-20	**-22.38**	**-39.18**
व्यापार संतुलन		
2019-20	-98,609.17	-5,38,416.05
2020-21	-50,569.88	-1,56,142.56

सेवा व्यापार

निर्यात एवं आयात (सेवाएं) : (बिलियन अमरिकी डालर)		
(अनंतिम)	**जुलाई, 2020**	**अप्रैल-जुलाई, 2020-21**
निर्यात (प्राप्तियां)	17.03	67.24
आयात (भुगतान)	10.05	39.25
व्यापार संतुलन	6.98	28.00
निर्यात एवं आयात (सेवाएं):(करोड़ रूपए)		
(अनंतिम)	**जुलाई, 2020**	**अप्रैल-जुलाई, 2020-21**
निर्यात (प्राप्तियां)	1,27,721.26	5,08,679.39
आयात (भुगतान)	75,345.87	2,96,868.14
व्यापार संतुलन	52,375.39	2,11,811.25
स्रोत: 15 सितम्बर, 2020 की आरबीआई की प्रेस विज्ञप्ति		

****